**बुधवार**
10 अगस्त 2022



पृष्ठ 4
**मॉनसून के दौरान अस्थमा के मरीज बरतें ये सावधानियां**



पृष्ठ 5
**करीना कपूर और रिया कपूर ने फिर मिलाया हाथ**



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 184
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

आपका कोई भी काम महत्वहीन हो सकता है पर महत्वपूर्ण यह है कि आप कुछ करें।
– महात्मा गांधी

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

## सुप्रीम कोर्ट से नूपुर शर्मा को बड़ी राहत, सभी केस दिल्ली ट्रांसफर किए

नई दिल्ली (सं)। बीजेपी से निर्लंबित नेता नूपुर शर्मा को सुप्रीम कोर्ट से आज बड़ी राहत मिली। उनके खिलाफ दायर सभी मुकदमों को दिल्ली ट्रांसफर करने की मांग संबंधी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने सभी केस को दिल्ली ट्रांसफर करने का आदेश दे दिया है। जस्टिस ने पूछा कि 19 जुलाई को हमारी सुनवाई के बाद क्या कोई और एफआईआर हुई है? जस्टिस ने कहा कि हम सभी एफआईआर को एक साथ जोड़ कर दिल्ली ट्रांसफर कर देंगे। इसपर नूपुर के वकील मनिंदर ने कहा कि एफआईआर रद्द करवाने के लिए भी दिल्ली हाई कोर्ट में ही याचिका का अनुमति मिले। इसपर जज ने कहा कि हां, ऐसा किया जाएगा।



सुनवाई के दौरान नूपुर शर्मा के वकील मनिंदर सिंह ने कहा कि हम जुबैर मामले में दिया गया जैसा ही आदेश मांग रहे हैं कि सभी मुकदमे एक जगह ट्रांसफर कर दिया जाए। सभी मामले एक साथ संबद्ध करके दिल्ली स्थानांतरित कर दिया जाए, क्योंकि दिल्ली में पहली एफआईआर दर्ज हुई।

सुनवाई के दौरान पश्चिम बंगाल की वकील ने कहा कि दिल्ली में दर्ज पहली एफआईआर अज्ञात के खिलाफ थी। नामजद एफआईआर महाराष्ट्र में दर्ज हुई थी। नुपुर के वकील ने कहा कि मेरी मुवक्किल की जान को खतरा है। यह ध्यान में रखा जाना चाहिए। इसपर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम बिल्कुल इस तथ्य का ध्यान रखेंगे।


नूपुर के वकील ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं कि पहली एफआईआर दिल्ली में दर्ज की गई। दूसरे पक्ष के वकील के द्वारा बताया गया कि दिल्ली में जो एफआईआर दर्ज है उसमें नूपुर शर्मा ने अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें वो खुद शिकायतकर्ता है। वहीं, पश्चिम बंगाल की ओर से नुपुर मामले में विशेष जांच दल गठित करने की मांग की गई।

जस्टिस सूर्यकांत ने आदेश में कहा, याचिकाकर्ता (नूपुर शर्मा) ने अपने ऊपर दर्ज एफआईआर रद्द करने या फिर उन्हें दिल्ली ट्रांसफर करने की मांग की ताकि एक ही एजेंसी जांच करे। 1 जुलाई को हमने मांग खारिज की। लेकिन बाद में नए तथ्य हमारे सामने आए। जस्टिस ने कहा, हम एफआईआर रद्द करने की मांग पर कोई आदेश नहीं दे रहे हैं इसके लिए याचिकाकर्ता दिल्ली हाई कोर्ट में मांग रख सकती है। हमने याचिकाकर्ता की जान पर गंभीर खतरे पर विचार किया है। हम सभी एफआईआर दिल्ली ट्रांसफर कर रहे हैं। सबकी जांच दिल्ली पुलिस करेगी।

## कोई भी कानून गरीब कल्याण में बाधक नहीं बन सकताः गडकरी

नई दिल्ली (सं)। केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी ने नागपुर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि कोई भी कानून गरीब कल्याण में बाधक नहीं बन सकता। यदि कोई भी कानून गरीब कल्याण की राह में बाधक बनता है तो सरकार को इसे तोड़ने या दरकिनार का पूरा अधिकार है। ऐसा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भी कहते थे। गडकरी ने कहा, मैं जानता हूं कि गरीबों के कल्याण में कोई भी कानून आड़े नहीं आता, ऐसे कानून को 10 बार भी तोड़ना हो तो संकोच नहीं करना चाहिए क्योंकि महात्मा गांधी ने भी ऐसा ही कहा था।

कार्यक्रम के दौरान गडकरी ने कहा, मैं हमेशा अधिकारियों से कहता हूं कि आप जो कहेंगे, उसके अनुसार सरकार काम नहीं करेगी। आपको केवल हां सर कहना है। आपको, हम जो कह रहे हैं, उसपर अमल करना होगा, उसे क्रियान्वित करना होगा। सरकार हमारे हिसाब से काम करेगी। केंद्रीय मंत्री ने 1995 की एक घटना को याद करते हुए कहा, जब महाराष्ट्र में मनोहर जोशी मुख्यमंत्री थे, तब मैं अक्सर अधिकारियों से कहा



**❑बाधक बनता है तो सरकार को इसे तोड़ने या दरकिनार का पूरा अधिकार**

करता था कि आपके हिसाब से सरकार नहीं चलेगी, सरकार हमारे हिसाब से चलेगी और हम जो कहेंगे उसका पालन करना होगा।

इससे पहले इंदौर में एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा था कि सरकार ने देश में सड़क हादसों की वजह से हर साल होने वाली करीब 1.5 लाख मौतों को 2024 तक घटाकर आधी करने का लक्ष्य तय किया है। उन्होंने कहा कि इस सिलसिले में करोड़ों रुपये खर्च कर ब्लैक स्पॉट (वे स्थान जहां सबसे ज्यादा सड़क हादसे होते हैं) हटाने का काम जारी है। गैर सरकारी संगठन जन आक्रोश के कार्यक्रम में गडकरी ने बताया कि देश में हर साल पांच लाख सड़क हादसों में करीब 1.5 लाख लोगों की मौत होती है, जबकि तीन लाख व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं।

## नीतीश कुमार एक बार फिर बने बिहार के मुख्यमंत्री, रिकॉर्ड 8वीं बार ली शपथ

पटना। बिहार में एक बार फिर महागठबंधन की सरकार बन गई है। नीतीश कुमार ने बुधवार को 8वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। वहीं, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के तेजस्वी यादव ने उप-मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। तेजस्वी ने शपथ के बाद नीतीश कुमार के पैर छूकर आशीर्वाद भी लिया। इससे पहले मंगलवार को नीतीश कुमार ने भाजपा को झटका देते हुए गठबंधन तोड़ने का ऐलान कर दिया था।

नीतीश कुमार ने कल ही मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। नीतीश कुमार ने इसके बाद राजद, कांग्रेस और अन्य दलों के समर्थन से सरकार बनाने का दावा राज्यपाल फागू चौहान के सामने पेश किया। नीतीश ने इसके बाद पत्रकारों से कहा कि उनकी पार्टी के सभी सदस्य, विधायक और सांसदों की इच्छा थी कि एनडीए से अलग हो जाया जाए। बहरहाल, बुधवार को राजभवन में शपथग्रहण समारोह में आरजेडी नेता तेजस्वी यादव का परिवार भी पहुंचा। इसमें तेजस्वी की पत्नी के अलावा उनकी मां और बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी भी थीं। पत्रकारों के सवाल पर राबड़ी देवी ने जदयू और आरजेडी के साथ मिलकर बन रही महागठबंधन की सरकार को बधाई दी और कहा कि ये बिहार और देश के लिए अच्छा है। शपथ ग्रहण के बाद नीतीश कुमार ने पत्रकारों से कहा कि जल्द ही मंत्रियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम भी कराया जाएगा।

## भारत में कोरोना संक्रमण के 16047 नए मामले दर्ज, 54 लोगों की मौत

नई दिल्ली । भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 16,047 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4,41,90,697 हो गई। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 1,28,261 हो गई है। कोरोना के मामलों में मंगलवार को गिरावट देखने को मिली थी, लेकिन आज एक बार फिर से कोरोना के मामलों में बढ़ोत्तरी देखने को मिली है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण से 54 और लोगों की मौत होने के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,26,826 हो गई। देश में



कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 1,28,261 हो गई है, जो कुल मामलों का 0.29 प्रतिशत है।

पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 3,546 की कमी दर्ज की गई। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.52 प्रतिशत है और कोविड-19 से मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, दैनिक संक्रमण दर 4.94 प्रतिशत, जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 4.90 प्रतिशत है।

देश में पिछले 24 घंटों में 54 लोगों की मौत हुई है। कोरोना से सर्वाधिक मौत केरल में हुई है। केरल में पिछले 24 घंटों में 6 लोगों की मौत हुई है। देश में पॉजिटिविटी दर की जोकि एक दिन पहले 3.50 फीसदी थी वह बढ़कर 4.94 फीसदी तक पहुंच गया है।

गौर करने वाली बात है कि मंगलवार को कोरोना के 12751 मामले सामने आए थे। केरल के अलावा महाराष्ट्र और दिल्ली में भी कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं।

इन राज्यों की सरकारें भी अलर्ट पर हैं और कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए जरूरी कदम उठा रहे हैं।

दून वैली मेल

## संपादकीय

## प्राकृतिक आपदाओं से सबक लेने की जरूरत

यूं तो हिमालयी राज्यों में प्राकृतिक आपदाएं आम है, लेकिन उत्तराखंड राज्य में बीते एक दशक से जिस तरह से आपदाओं में वृद्धि हुई है वह चिंतनीय है। हालांकि आपदाओं में वृद्धि के कारण कई हैं और बहुत हद तक यह कारण सबको ज्ञात भी हैं। लेकिन शासन-प्रशासन के स्तर पर इन आपदाओं से निपटने का अभी तक कोई ठोस इंतजाम दिखाई नहीं देता है। 2013 में आई भीषण आपदा से सबक न लिया जाना यही दर्शाता है कि सत्ता और शासन में बैठे लोग कितने बेपरवाह हैं। 2013 में आई आपदा का आकार इतना बड़ा था कि इसमें जन-धन हानि का आज तक सही-सही आकलन नहीं हो सका है। अभी भी हमारा आपदा प्रबंधन कोई खास कमाल नहीं दिखा सका है आज भी पहाड़ों की सड़कें टूटने पर कई-कई दिन का समय उन्हें ठीक करने में लग जाता है जिससे आम जन को तो परेशानी होती ही है साथ ही मानसूनी मौसम के दौरान चार धाम यात्रा करने वाले श्रद्धालु भी संकट से घिरे नजर आते हैं।

यह सच है कि हम आपदाओं को रोक नहीं सकते हैं लेकिन इन आपदाओं से होने वाली जन-धन हानि को कम जरूर किया जा सकता है। सरकार का राज्य आपदा प्रबंधन अगर चुस्त-दुरुस्त हो तो उसकी आपदा के समय केंद्र पर निर्भरता कम हो जाएगी। यह विडंबना ही है कि राज्य गठन के इतने सालों बाद भी सरकार और राज्य के लोगों को आज भी अपनी छोटी-छोटी आपदा के समय केंद्र का मुंह देखना पड़ता है। बात चाहे केदारनाथ जैसी बड़ी आपदाओं की हो या फिर कहीं छिटपुट बादल फटने और भूस्खलन की घटनाओं की, प्रदेश को एसडीआरएफ एनडीआरएफ आईटीबीपी और पुलिस पर ज्यादा निर्भर होना पड़ता है यह स्वाभाविक ही है कि आपदा के समय राहत बचाव कार्य में जितना अधिक विलंब होगा आपदा का क्षति आकार उतना अधिक वृहद होता जाएगा। राज्य के दुर्गम क्षेत्रों में आपदा राहत का काम जितना मुश्किल है उसके लिए पूर्व तैयारियां उतनी जरूरी भी है। राज्य के ऐसे हिस्सों में सूचना तंत्र, सहायता केंद्र, हवाई पट्टिया, खाद्य भंडारण केंद्रों की समुचित व्यवस्था किया जाना जरूरी है। पर्वतीय क्षेत्रों में खासतौर पर नदियों व धार्मिक स्थलों के पास हो रहे अंधाधुंध निर्माण कार्यों, ऑल वेदर रोड व ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल मार्ग सहित अन्य सड़कों के निर्माण जो कि विकास के लिए जरूरी है इस आपदा का एक कारण माना जा सकता है। प्राकृतिक आपदाओं पर प्रदेश सरकार को गहन चिंतन मंथन की जरूरत है सिर्फ आपदा प्रभावितों को थोड़ा सा मुआवजा और केंद्र से मदद की उम्मीद के सहारे कुछ नहीं हो सकता।

## श्मशान घाट के नाम पर 12 करोड़ का गबन

चंडीगढ़। पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने पटियाला जिले के गांव आकड़ी की सरपंच हरजीत कौर को पंचायती फंड में से 12124 करोड़ रुपए का गबन करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। हरजीत कौर पर आरोप है कि उसने श्मशान घाट और अन्य विकास कार्यों के नाम पर उक्त राशि का दुरुपयोग कर पैसे का गबन किया है। विजिलेंस का कहना है कि उसकी जांच के अलावा गांव के विकास कार्यों संबंधी विभागीय जांच ग्रामीण विकास और पंचायत के अतिरिक्त मुख्य सचिव-कम-वित्त कमिश्नर द्वारा मुकम्मल की गई है। इस जांच में भी पता लगा है कि गांव आकड़ी में सरपंच हरजीत कौर द्वारा विकास कार्यों में 12.24 करोड़ रुपए का घपला किया गया है। विजिलेंस द्वारा इस मामले की अगली जांच जारी है।

विजिलेंस ब्यूरो से मिली जानकारी के मुताबिक पंजाब सरकार की पुड्डा अथॉरिटी ने अमृतसर-कोलकाता एकीकृत कॉरिडोर के निर्माण के लिए 5 अलग-अलग गांवों की 1104 एकड़ शामलात जमीन का अधिग्रहण किया था। इस संबंधी पटियाला जिले के शंभू ब्लॉक के 5 गांवों पब्बरा, तख्तू माजरा, सेहरा, सेहरी और अकड़ी को कुल 285 करोड़ रुपए की राशि दी गई थी। इस कुल राशि में से ग्राम पंचायत आकड़ी की अधिग्रहण की गई 183 एकड़ 12 मरले जमीन के बदले करीब 51 करोड़ रुपए मिले थे।

## जमीनी विवाद में मारपीट करने पर तीन नामजद

संवाददाता

देहरादून। जमीनी विवाद में मारपीट कर जान से मारने की धमकी में तीन लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कारबारी निवासी रिटायर्ड कैप्टन रणवीर सिंह ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह गणेशपुर में एक जमीनी विवाद को सुलझाने के लिए गया था तभी वहां पर रविन्द्र रावत, सोमी देवी व उसके पुत्रों ने उसपर पर हमला कर दिया और उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिया। जब आसपास के लोग वहां पर पहुंचे तो हमलावरों ने उसको जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# तिरंगा हमारी आन, बान, शान और अभिमान हैः धामी

कार्यालय संवाददाता

चमोली। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सीमांत गांव मलारी में भारतीय सेना, आईटीबीपी (हिमवीर), सीमांत सडक संगठन (शिवालिक) के जवानों और द्वितीय रक्षा पंक्ति के रूप में सीमांत गांव के निवासियों के साथ हर घर तिरंगा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया और सभी का हौसला बढाते हुए आजादी के अमृत महोत्सव की बधाई दी। हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर सेना के जवानों और सीमांत गांवों के निवासियों में जबरदस्त उत्साह और उमंग दिखा। सीमांत गांव मलारी में आयोजित हर घर तिरंगा कार्यक्रम में सेना के जवानों के साथ ही सीमांत गांव कैलाश पुर, महरगांव, कोषा, द्रोणागिरी, नीति, बांम्पा, गमशाली, फरकिया, झेलम, जुम्मा, कागा, गरपक, मलारी के लोगों ने हर्षोल्लास से प्रतिभाग लिया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव जन-जन का अभियान बन चुका है। हम सब सौभाग्यशाली हैं कि इसके साक्षी बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत शक्तिशाली और गौरवशाली भारत के रूप में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारी आन, बान, शान और अभिमान है। आज देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले क्रांतिकारियों का स्मरण पूरा देश कर रहा है। पूरे देश में हर घर तिरंगा कार्यक्रम चल रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 25 साल देश का अमृत काल होगा। उत्तराखंड राज्य आज विकास की ओर अग्रसर है और आने वाले 2025 तक उत्तराखंड को एक आदर्श राज्य बनाने के लिए सरकार संकल्पबद्ब है। पर्वतीय राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों के हिसाब से विकास योजनाएं तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा कि



सीमाओं पर प्रहरी के रूप मे काम करने वाले क्षेत्रवासी और सीमा पर डटे जांबाजों की वजह से ही हम सब सुरक्षित है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताते हुए सभी को आजादी के अमृत महोत्सव एवं पवित्र रक्षाबंधन त्योहार की बधाई दी।

क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनते हुए मुख्यमंत्री ने मलारी में इड़ामणि मंदिर का जीर्णोद्वार, शिवालय मंदिर मार्ग और कागा से गरपक तक मोटर मार्ग सुधारीकरण का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम के दौरान सीमांत गांव की महिलाओं ने मा.मुख्यमंत्री को रक्षासूत्र बांधकर उनके दीर्घायु की कामना की। सीमांत क्षेत्र मलारी में पहली बार मुख्यमंत्री के आगमन पर क्षेत्रवासियों ने अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए पारम्परिक पौणा नृत्य के साथ स्वागत किया।

इस अवसर पर जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष पुष्कर सिंह राणा, जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम सिंह राणा, जिला महामंत्री नवल भट्ट, नीति घाटी नंदादेवी समिति के अध्यक्ष डा.मान सिंह राणा, मलारी के प्रधान मंगल सिंह राणा, एसडीएम कुमकुम जोशी, एपीडी आनंद सिंह आदि सहित सेना के वरिष्ठ अधिकारी एवं जवान मौजूद थे।

समध्वरायोषसो नमन्त दधिक्रावेव शुचये पदाय।
अर्वाचीनं वसुविदं भगं नो रथमिवाश्वा वाजिन आ वहन्तु।।

(ऋग्वेद ७-४१-६)

प्रात: काल उठकर हमें अपने यज्ञनिक कार्य प्रारंभ कर देने चाहिए और पूरे दिन करते रहने चाहिए। जिस प्रकार अश्व रथ को खींच कर अपने स्वामी के गंतव्य को ले जाते हैं। उसी प्रकार विद्वान जन हमारा नेतृत्व कर हमें हमारे लक्ष्य मुक्ति की ओर ले जाएं।

We should initiate our Yajanic work after getting up early in the morning and continue doing it throughout the day. Just as the horses drawing the chariot and take it to the destination of its master. In the same way, let the learned people lead us and take us towards our goal of salvation. (Rig Veda 7-41-6)

## सचिन जैन ने पुरुकुल में मनाया रक्षाबंधन

देहरादून (सं)। मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन के चेयरमैन सचिन जैन ने पुरूकुल में रहने वाली महिलाओं से राखी बंधवाकर रक्षाबंधन मनाया। मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन के चेयरमैन सचिन जैन ने पुरूकुल मे निवास कर रही स्थानीय महिलाओं के साथ रक्षाबंधन का पवित्र त्यौहार बड़ी सादगी के साथ मनाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रक्षा बंधन का त्योहार भाई बहन के प्यार का प्रतिक है, जिसे राखी का त्योहार भी कहा जाता है। रक्षा बंधन पर बहन भाई की कलाई पर राखी बांधती और उसके सुखी जीवन की प्रार्थना करती है। इसके साथ ही बहन बहन से अपनी सुरक्षा का वचन लेती है। रक्षा बंधन हिन्दुओं को प्रमुख त्योहार है, जिसे पूरे भारत समेत अन्य देशों में भी मनाया जाता है।

## एनएसयूआई ने निकाली आजादी गौरव यात्रा




संवाददाता

देहरादून। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने डीबीएस कालेज से डीएवी कालेज तक आजादी गौरव यात्रा निकाल भारत जोडो का अभियान की शुरूआत की।

आज एनएसयूआई द्वारा आजादी गौरव यात्रा का आयोजन किया गया। एआईसीसी द्वारा भारत जोड़ो अभियान की शुरुआत की गई है जिसके तहत आजादी के 75 साल पूरे होने पर देशभर में शहीदों को याद करते हुए आजादी गौरव यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। एनएसयूआई भी इस अवसर पर कॉलेज परिसरों में आजादी गौरव यात्रा का आयोजन कर रही है। आज एनएसयूआई कार्यकर्ता सुबह बड़ी संख्या में डीबीएस महाविद्यालय में एकत्र हुए। जिसके बाद नारेबाजी करते हुए करनपुर चौक से सर्वे चौक होते हुए यात्रा डीएवी महाविद्यालय के कैंपस तक निकाली। एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष मोहन भंडारी ने बताया की, आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर एनएसयूआई प्रदेश के महाविद्यालयों में स्वतंत्रता सैनानियों के सम्मान में यह यात्रा निकाल रही है, आज भी देश में धर्म और जाति के नाम पर हिंसक घटनाएं हो रही हैं जिनसे आज भी हमें आजाद होने की आवश्यकता है और इसके लिए हम भारत जोड़ो अभियान के तहत छात्र छात्राओं के माध्यम जागरूकता लाने का प्रयास कर रहे हैं। इस तिरंगा यात्रा में विनीत प्रसाद भट्ट, रोबिन त्यागी, राष्ट्रीय संयोजक विकास उपाध्यक्ष उदित थपलिया, वासु शर्मा, राहुल जग्गी, सिद्धार्थ अग्रवाल, नमन शर्मा, अरुण टम्टा, सागर मनियारी, हरजोत सिंह, सागर पुंडीर, अजय शाह, सुभम चौहान, प्रकाश नेगी बाला, अनंत सैनी, शीशपाल, गौरव,अभिषेक रावत, उत्कर्ष जैन, हरीश जोशी,काजल, अक्षिता आदि मौजूद रहे।

# गंगा विचार मंच के कार्यकर्ताओं ने निकाली तिरंगा जागरुकता रैली



कार्यालय संवाददाता

उत्तरकाशी। गंगा विचार मंच उत्तराखंड के कार्यकर्ताओं ने आज उत्तरकाशी जिले में प्रांत संयोजक लोकेन्द्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में समुद्रतल से 6000 फीट की ऊंचाई पर माँगलिसेरा के खोड़ नामे तोक में हर घर तिरंगा, हर घाट तिरंगा, घर घर तिरंगा का आयोजन कर युवाओं के साथ ग्रामवासियों को घर घर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया व तिरंगा जागरूकता रैली निकाली। इस मौके पर बड़ी संख्या में युवाओं के साथ जिला संयोजक जयप्रकाश भट्ट, गजेंद्र बिष्ट, सभासद महाबीर चौहान आदि उपस्थित थे।

# सचिवालय में नौकरी के नाम पर डेढ लाख की ठगी

संवाददाता

देहरादून। सचिवालय में नौकरी लगवाने के नाम पर डेढ लाख रूपये की ठगी करने के मामले में पुलिस ने दो लोगों के नाम मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरिपुर कलां निवासी संजय कुमार ने रायवाला थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी पहचान भीमताल नैनीताल निवासी मयंक सनकवाल से हुई। मयंक ने उसको बताया कि वह सचिवालय मे एसडीएम है तथा उसको वह सचिवालय में चालक के पद पर नौकरी लगवा सकता है। जिसके बाद वह उसके साथ एक दो बार सचिवालय में भी गया था। जिसपर उसको मयंक पर भरोसा हो गया। मयंक ने उससे कहा कि चालक के पद रिक्त है तथा भर्ती खुली है। जिसके बाद उसने मयंक को एक लाख रूपये दिये तथा दूसरी बार उसने रितेश जोशी नामक अपने परिचित का खाता नम्बर दिया तथा उसने रितेश जोशी के खाते में भी 65 हजार रूपये जमा करवा दिये थे। लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी जब उसकी नौकरी नहीं लगी तो उसने मयंक से अपने रूपये वापस मांगे तो वह टाल मटोल करने लगा। जिसके बाद उसको पता चला कि उसके साथ मयंक ने धोखाधडी कर रूपये ऐंठ लिये हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# डिप्लोमा इंजीनियर्स ने वेतन विसंगति समिति के निर्णयों का विरोध किया

संवाददाता

देहरादून। कनिष्ठ अभियन्ता के डाउनग्रेट वेतनमान पर वेतन विसंगति समिति द्वारा प्रस्तुत संस्तुतियो को कैबिनेट की बैठक में मिली मंजूरी का डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ ने विरोध करते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। आज यहां उत्तराखण्ड डिप्लोमा ईंजीनियर्स महासंघ के पदाधिकारी व सदस्य जिला मुख्यालय में एकत्रित हुए जहां पर उन्होंने प्रदर्शन कर जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। उन्होंने कहा कि जनपदीय कार्यकारिणी द्वारा कनिष्ठ अभियन्ता के डाउनग्रेड वेतनमान पर वेतन विसंगति समिति द्वारा प्रस्तुत संस्तुतियों को कैबिनेट की बैठक में मिली मंजूरी का एक स्वर से विरोध किया गया तथा इसके लिए व्यापक स्तर पर आन्दोलन की चेतावनी दी गई। उन्होंने पुरजोर तरीके से अपनी बात रखते हुए कहा कि उत्तराखण्ड की विषम भौगोलिक परिस्थितियों के मददेनजर पूर्व राज्य सरकारों द्वारा उत्तराखण्ड के डिप्लोमा इन्जीनियर्स को एक सम्मान जनक वेतनमान दिये गये थे, जिसकी शासन में बैठे ब्यूरोक्रेटस द्वारा गलत व्याख्या की गई है तथा सरकार की छवि खराब करने के लिए इस राज्य के कर्मचारियों / अभियन्ताओं को आन्दोलन में धकेलने के लिए मजबूर किया जा रहा है तथा मुख्यमंत्री की छवि को खराब कर उसे हडताली प्रदेश बनाना चाह रहे है। वक्ताओं द्वारा कहा गया कि इस राज्य के अभियन्ताओं की कार्य करने की क्षमता के साथ किसी दूसरे राज्य के अभियन्ताओं की तुलना नही की जा सकती तथा यहाँ केदारनाथ जैसी दैविक आपदाओं तथा अन्य आपदाओं में इस राज्य के डिप्लोमा इन्जीनियर्स ने अपना सर्वोपरि योगदान दिया है इसलिए डिप्लोमा इन्जीनियर शासन के इस कुचक्र को कभी भी सफल नहीं होने देगें तथा इसके लिए वृहद स्तर पर प्रदेशव्यापी आन्दोलन चलाया जायेगा। इस अवसर पर उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ के प्रान्तीय अध्यक्ष एस० एस० चौहान, प्रान्तीय महासचिव मुकेश रतुडी, प्रान्तीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविन्द सजवाण, चेयरमैन अनुशासन समिति ए०के० पैन्यूली सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने किया रुद्रप्रयाग से तिरंगा यात्रा का आगाज

हमारे संवाददाता

रुद्रप्रयाग। कांग्रेस की प्रदेश भर में चल रही तिरंगा यात्रा का रुद्रप्रयाग से आगाज करते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि यह तिरंगा यात्रा पूरे प्रदेश में आने वाले समय में परिवर्तन का प्रतीक होगी।

उत्तराखंड कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं रुद्रप्रयाग जनपद में इस यात्रा के पर्यवेक्षक धीरेंद्र प्रताप एवं प्रदेश प्रवक्ता सूरज नेगी ने संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने इस यात्रा के माध्यम से 'भाजपा हटाओ देश बचाओ' की मुहिम छेड़ दी है और देश के 450 से ज्यादा जिलों में आज लाखों कांग्रेसी कार्यकर्ता तिरंगा लेकर सड़कों पर उतरे हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने भाजपा को ललकारते कहा हुए कहा कि जब तक इस जनविरोधी सरकार को हम उखाड़ नहीं फेंकेगे तब तक चैन से नहीं बैठेंगे। उन्होंने बढ़ती महंगाई ,बेरोजगारी और भ्रष्टाचार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आज उत्तराखंड भारत के सबसे भ्रष्ट राज्यों में शुमार हो गया है। उन्होंने कहा कि राशन की रिश्वत देकर चुनाव जीतने वाली भाजपा आज विकास को पटरी पर लाने में विफल हुई है। करन माहरा ने भगवान रुद्र का जिक्र करते हुए कहा कि वह अपना ऐसे गौरव मानते हैं कि उन्होंने भारत छोड़ो दिवस की स्मृति में आज से आयोजित होने वाली इस तिरंगा यात्रा का श्रीगणेश रुद्रप्रयाग से किया है। उन्होंने कहा कि




कांग्रेस देश में भ्रष्टाचार, महंगाई और बेरोजगारी को घटाने के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने भाजपा पर लोकतंत्र को खत्म करने का आरोप लगाया है और कहा कि आज सीबीआई, ईडी और इनकम टैक्स का प्रयोग विपक्षी नेताओं की आवाज को दबाने के लिए किया जा रहा है। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार ने देश के लिए बड़ी कुर्बानियां दी हैं। इंदिरा गांधी और राजीव गांधी देश की सेवा करते करते शहीद हुए हैं। ऐसे में इस परिवार को उत्पीड़ित किया जाना भाजपा की साजिश है। उन्होंने कहा कि पार्टी 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए कमर कस रही है और हम नरेंद्र मोदी के भ्रष्टाचार और उनके जनता के उत्पीड़न को उजागर कर रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने आजादी के युद्धों के शहीद परिवारों, आंदोलन के नेताओं को शाल भेंट कर सम्मानित किया। इस यात्रा को संबोधित करते हुए यात्रा के प्रभारी मनोज रावत और प्रदीप थपलियाल ने कहा कि कांग्रेस ने लोकतंत्र को बचाने के लिए कमर कसी है और अगर हमें जेल भी जाना पड़ा तो हम पीछे नहीं हटेंगे। इस मौके पर सैकड़ों कांग्रेसियों की उपस्थिति में तिरंगा झंडा लिए हुए कांग्रेसियों के बीच करन माहरा ने राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण किया और अपने संबोधन में कांग्रेसियों से एकजुटता का आह्वान करते हुए देश में आजादी पर आए खतरे को देखते हुए बड़ी से बड़ी कुर्बानी देने के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। रुद्रप्रयाग बस अड्डे पर यात्रा में पार्टी के तमाम प्रमुख नेता जिनमें महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष शशि सेमवाल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष संतोष रावत, रुद्रप्रयाग नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत डोभाल, कांग्रेस जिला संगठन सचिव दीपक भंडारी, कांग्रेस सेवा दल के संगठक दिनेश मंमगाई, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद सिंह रावत, रणजीत सिंह रावत ,प्रदीप बगवाड़ी वीरेंद्र बुटोला, राय सिंह बिष्ट, नरेंद्र सिंह बिष्ट, ब्लॉक प्रमुख विजय देवी, बलवीर नेगी, राजेश थपलियाल, राजेंद्र नौटियाल, संपन्न नेगी, बसंती देवी, तनुज पुरोहित शामिल है।

# मोटरसाईकिल चोरी

देहरादून (सं)। चोरों ने खुले स्थान से मोटरसाईकिल चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।प्राप्त जानकारी के अनुसार वन विहार पटेलनगर निवासी सूर्य प्रताप ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपनी मोटरसाईकिल घर के बाहर खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसने देखा कि उसकी मोटरसाईकिल अपने स्थान से गायब थी।

# फ्लिपकार्ड अधिकारी बनकर ठगे एक लाख

संवाददाता

देहरादून। फ्लिपकार्ड अधिकारी बनकर महिला से एक लाख रूपये की ठगी करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रेमनगर निवासी अरूण कुमार की पत्नी निकिता ने साईबर थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसके फोन पर एक कॉल आयी और काल करने वाले ने अपने आपको फिलिपकार्ड का अधिकारी बताते हुए उसको एक लिंक भेजा उसने जैसे ही लिंक पर क्लीक किया उसके खाते से एक लाख 50 हजार रूपये निकल गये। तब उसको पता चला कि उसके साथ साईबर धोखाधडी हुई है। साईबर थाने के आदेश पर प्रेमनगर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# अधिकारियों ने चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्या

कार्यालय संवाददाता

बेरीनाग। सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम एसडीएम अनिल कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में राई में आयोजित रात्रि चौपाल में पहुंची। जहां क्षेत्र की ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया। ग्रामीणों ने बिजली, पानी, सडक,शिक्षा, स्वास्थ्य सहित पेंशन और आवास की समस्या को रखा। जिसमें अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया और कुछ समस्याओं पर एसडीएम ने एक सप्ताह के भीतर जिम्मेदार विभागों से समाधान करने के आदेश दिए। ग्राम स्तर के अधिकारी और कर्मचारियों से गांव में आकर ग्रामीणों की समस्या को सुनने और छोटी समस्याओं के लिए तहसील और ब्लाक के चक्कर नही कटवाने को कहा। इस मौके पर



तहसीलदार दिनेश कुटौला ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और योजनाओं का लाभ उठाने को पीएम किसान सम्मान निधी के लाभार्थियों 15 अगस्त तक केवाईसी करने को कहा।

## ❑सैकड़ों ग्रामीण को किया झंडा वितरण

इस मौके पर हर तिरंगा अभियान की जानकारी देते हुए 13से 15 अगस्त तक अपने घरों पर झंडा फहराने की अपील की।तीन दर्जन बीपीएल और अन्त्योदय परिवारों को निशुल्क झंडे का वितरण किया गया। इस मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष दीपक धानिक, खंड विकास अधिकारी जीएल टम्टा,ग्राम विकास अधिकारी मनोज बनकोटी, राजस्व उपनिरीक्षक मनीषा बिष्ट, कंचन, शिवेन्द्र, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# जिस घर पर तिरंगा नहीं, उस घर पर देश नहीं कर सकता विश्वास: भट्ट

हमारे संवाददाता



नैनीताल। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत भाजपा द्वारा हर घर तिरंगा अभियान शुरू कर दिया गया है। इस क्रम में आज नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने रुद्रपुर तथा हल्द्वानी में तिरंगा यात्रा में भाग लिया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जिस घर पर तिरंगा नहीं, उस घर पर विश्वास नहीं किया जा सकता।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद महेंद्र भट्ट पहली बार आज हल्द्वानी पहुंचे, जहां उनके स्वागत के लिए पार्टी द्वारा खासा इंतजाम किया गया था। प्रदेश अध्यक्ष के पहुंचते ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया और इस दौरान उन्होंने युवा मोर्चा की तिरंगा यात्रा में भी शिरकत की।

इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि जिस घर पर तिरंगा नहीं होगा उस घर पर देश विश्वास नहीं कर सकता है। भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिस घर में तिरंगा लहराता हुआ नहीं दिखाई देगा उस घर की तस्वीरें भेजें जिससे समाज को यह पता चल सके कि यह परिवार तिरंगे का सम्मान नहीं करता है।

बता दें कि देश में इन दिनों आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। बीते रोज राजधानी दून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा गांधी पार्क से हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत एक रैली को हरी झंडी दिखाकर की गयी थी। आज जहां कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने रूद्रप्रयाग से तिरंगा यात्रा का आगाज किया तो वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट द्वारा भी आज तिरंगा यात्रा अभियान के तहत दूसरे दिन रूद्रपुर व हल्द्वानी में युवा मोर्चा द्वारा आयोजित की गयी तिरंगा यात्रा में भाग लिया गया।

## चोरी के मोबाईल के साथ एक गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने चोरी के मोबाईल के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र में हुई चोरी की घटनाओं के खुलासे के लिए टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा इन्नामुल्ला बिल्डिंग के पास चोरी के मोबाईल के मामले मेंउवैद पुत्र चांद निवासी 38 गांधी रोड कोतवाली नगर देहरादून को स्कूटी के साथ चोरी के मोबाइल फोन 13 प्रो के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## वाहन खाई में गिरा, चालक लापता

संवाददाता

देहरादून। त्यूनी के पास वाहन गहरी खाई में जा गिरा। एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू के लिए पहुंची चालक का कुछ पता नही चल सका है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आज प्रात: दस बजे तहसील त्यूणी से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम अणु के पास एक वाहन सड़क से नीचे खाई में गिर गया है। जिस पर स्थानीय थाना त्यूणी पुलिस मय उपलब्ध संसाधनों के घटनास्थल अणु पहुंचे तो स्थानीय लोगों द्वारा बताया गया कि वाहन सड़क से लगभग 150 मीटर खाई में गिरी है जिसके बारे में कोई जानकारी नहीं है वाहन चालक की तलाश हेतु सर्च एवं रेस्क्यू अभियान चलाया तो वाहन की नंबर प्लेट गिरी मिली जिसमें वाहन की नंबर प्लेट, एक आधार कार्ड, एक पैन कार्ड, एक एटीएम चेक बुक, शिमला मंडी की कुछ रसीदें मिली। जिसमें नाम चालक व वाहन स्वामी का नाम नवीन शर्मा पुत्र अमीरचंद शर्मा निवासी ग्राम धगोली पोस्ट ऑफिस कांथली तहसील चिडगांव जिला शिमला हिमाचल प्रदेश होना पाया गया। आसपास के ग्रामीणों से जानकारी पर दुर्घटनाग्रस्त वाहन में नवीन शर्मा अकेला ही होने की जानकारी मिली है। मौके पर वाहन व चालक की तलाश की जा रही है तलाश हेतु एसडीआरएफ मोरी से बुलाया गया एसडीआरएफ के साथ रेस्क्यू अभियान जारी है।


### वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# मॉनसून के दौरान अस्थमा के मरीज बरतें ये सावधानियां



अस्थमा सांस से जुड़ी गंभीर बीमारी है जिसके कारण व्यक्ति को सांस लेने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यह परेशानी बढ़ने पर पीड़ित व्यक्ति को इनहेलर का सहारा लेना पड़ता है। कुछ मामलों में अस्थमा का दौरा व्यक्ति के लिए जानलेवा भी साबित हो जाता है। इसके कारण दमा से पीड़ित व्यक्ति को विशेषकर बदलते मौसम में खुद का ज्यादा ध्यान रखना पड़ता है।

मॉनसून के साथ आने वाली ठंडी हवा और नमी दूसरों को राहत दे सकती है लेकिन अस्थमा के मरीजों के लिए यह दौरे का कारण बन सकती है। ऐसे में कुछ सावधानियां बरतने की खास जरूरत है।

सावधानियां: बारिश के मौसम में दीवारों में नमी जमा हो जाती है, जिससे कई बार काई जमा हो जाती है। यह दोनों ही स्थिति अस्थमा के मरीजों के लिए अच्छी नहीं है।

आजकल बाजार में कई तरह के प्रॉडक्ट्स मौजूद हैं जिनसे दीवारों को डैम्प-प्रूफ बनाया जा सकता है, चाहे तो इनका भी इस्तेमाल किया जा सकता है, या काई जमा होने पर दीवार को ब्लीच से साफ करें। घर में ड्यूमिडिफायर मशीन का इस्तेमाल करें ताकि नमी जमा न हो सके।

कूलर की जगह ऐसी यूज करें। कूलर से घर में नमी बढ़ती है जो मरीजों के लिए ठीक नहीं है।

बाहर बारिश हो तो घर के दरवाजे बंद रखें। साथ ही में बाथरूम के दरवाजे भी बंद रखें, ताकि मॉइस्चर इकट्ठा न हो सके।

पोलन्स के कारण अस्थमा अटैक ट्रिगर हो सकता है। ऐसे में सुबह के समय बाहर वॉक पर जाने से बचें, क्योंकि इस दौरान हवा में पोलन्स की मौजूदगी ज्यादा होती है।

इनडोर प्लांट्स न रखें, इससे अस्थमा के मरीजों को दिक्कत हो सकती है।

बारिश के दौरान होने वाली उमस के कारण वातावरण में मौजूद प्रदूषण के कण हट नहीं पाते हैं, ऐसे में बेहतर होगा कि मास्क का उपयोग किया जाए।

मॉनसून में पालतू जानवरों के बाल ज्यादा झड़ते हैं, इसलिए इसे लेकर भी सजग रहें। फर या बाल सांस के साथ अंदर जाने पर अस्थमा के मरीजों को दौरा पड़ सकता है।

इनहेलर और अस्थमा की दवाई हमेशा साथ रखें।

ऐसी स्थितियों को अवॉइड करें जिनसे खांसी या सर्दी होने का खतरा हो सकता है।

घर को साफ रखें। चीजों पर धूल न जमने दें नहीं तो यह सांस के साथ लंग्स में पहुंचकर अटैक का कारण बन सकता है।

# मोनालिसा पर चढ़ा बोल्डनेस का रंग

भोजपुरी फिल्मों की चीन कहे जाने वाली एक्ट्रेस मोनालिसा आज किसी पहचान की मोहताज नहीं रह गई है। उन्होंने सिर्फ अपनी कड़ी मेहनत के दम पर इंडस्ट्री में खास मुकाम हासिल किया है। मोनालिसा का काम भोजपुरी इंडस्ट्री तक ही सीमित नहीं रह गया है, बल्कि वह कई हिंदी टीवी शोज का भी हिस्सा रह चुकी हैं. आज मोनालिसा के फैंस देश के हर कोने में मौजूद हैं, जो उनके दीदार का एक मौका भी नहीं छोड़ते. ऐसे में मोनालिसा अपने चाहने वालों के साथ जुड़ी रहने के लिए सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. लगभग हर दिन फैंस को उनका नया लुक देखने को मिल जाता है. अब फिर से मोनालिसा अपने लेटेस्ट फोटोशूट के कारण लोगों के बीच छा गई हैं. एक्ट्रेस ने हाल ही में इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह हमेशा की तरह काफी बोल्ड लग रही हैं. इंस्टाग्राम पर शेयर की गई तस्वीरों में मोनालिसा को पिंक कलर की वनपीस ड्रेस में नजर आ रही हैं. इस लुक को कंप्लीट करने के लिए एक्ट्रेस ने न्यूड मेकअप किया है और बालों को कर्ल कर ओपन ही रखा है. यहां मोनालिसा कैमरे के सामने अलग-अलग पोज दे रही हैं. इस लुक में अभिनेत्री इतनी बोल्ड लग रही हैं कि उन पर से लोगों के लिए नजरें हटाना मुश्किल हो गया है. मोनालिसा इन फोटोज में काफी हॉट दिख रही हैं. अब उनका ये लुक सोशल मीडिया पर देखते ही देखते वायरल हो गया है. उनके फैंस भी उनकी इन अदाओं पर फिद हो गए हैं. कुछ मिनटों में ही मोनालिसा की तस्वीरों पर हजारों लाइक्स आ गए हैं, जो तेजी से बढ़ रहे हैं. उनके इंस्टाग्राम पेज पर नजर डाली जाए तो वह अपनी लगभग हर पोस्ट में वह इस तरह की कातिलाना अदाओं से लोगों को दीवाना बनाती दिखेंगी.

## शब्द सामर्थ्य -23

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | | ■ | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | ■ | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | 12 | ■ | 13 | | | |
| 14 | | ■ | 15 | | | | ■ | ■ |
| ■ | 16 | | | ■ | ■ | ■ | 17 | 18 |
| 19 | ■ | ■ | 20 | 21 | 22 | ■ | 23 | |
| | ■ | 24 | ■ | 25 | | 26 | | ■ |
| 27 | | | | | ■ | 28 | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 22 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | ■ | फा | य | दा | ■ | स |
| प | ■ | ल | ला | ट | ■ | य | ती | म |
| ति | ल | क | ■ | क | न | क | ■ | झ |
| ■ | क्ष्म | ■ | ■ | ■ | रे | ■ | ■ | ■ |
| ग | ण | क | ■ | सं | श | य | ■ | सौ |
| ह | ■ | या | च | क | ■ | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | ■ | र | क्ष | क | ■ | न |
| ■ | त्रि | ■ | ■ | ■ | मि | ■ | ■ | ■ |
| शा | य | री | ■ | का | त | र | ■ | गो |

# पुष्पा इम्पॉसिबल में आएंगी नजर मोना सिंह

जस्सी जैसी कोई नहीं में अभिनेत्री मोना सिंह ने एक चुलबुली लड़की का किरदार निभाया था। इस शो ने उन्हें देशभर में पहचान दिलाई। वह मौजूदा दौर में टीवी की टॉप अभिनेत्री मानी जाती हैं। उन्होंने कई फिल्मों में भी काम किया है। ये अलग बात है कि फिल्मों में उनका सितारा नहीं चमका। अब ऐसी चर्चा है कि वह छह साल बाद टीवी की दुनिया में वापसी करेंगी। वह टीवी शो पुष्पा इम्पॉसिबल में नजर आ सकती हैं।

मोना ने अपनी वापसी पर मुहर लगाई है। उन्होंने यह सीरियल साइन कर लिया है। उन्होंने इस प्रोजेक्ट की शूटिंग भी शुरू कर दी है। इस सप्ताह के अंत तक वह शो में नजर आएंगी। इसमें वह एक वकील की भूमिका अदा करेंगी। इसको लेकर मोना ने कहा, मैं शो में दामिनी नाम की एक वकील की भूमिका निभा रही हूं और टीवी पर पहली बार मैं वकील की भूमिका में दिखूंगी।

इस सीरियल में मोना एक कैमियो की भूमिका निभाएंगी। उनका कहना है कि उनके पास सिर्फ कैमियो करने का वक्त है। मोना ने कहा, मैं इस भूमिका को निभाने के लिए उत्साहित हूं। पुष्पा दामिनी की बेटी की मदद करती है और पुष्पा की बात जानने के बाद दामिनी उसकी मदद करने का फैसला करती है। दामिनी जो आमतौर पर केस लड़ने के लिए ज्यादा फीस लेती है, लेकिन पुष्पा के मामले में वह मुफ्त में केस लड़ती है।

सीरियल पुष्पा इम्पॉसिबल एक उत्साही, दृढ़ इच्छाशक्ति से परिपूर्ण और स्वावलंबी महिला की कहानी है। यह सीरियल एक ऐसी महिला की कहानी बयां करती है, जो अपने बच्चों की खुशियों के लिए हर संभव प्रयास करती है। इसमें एक महिला छोटी-मोटी नौकरियां करके बच्चों की जिंदगी रोशन करना चाहती है। इतना जरूर है कि मोना की छोटी-सी भूमिका इस शो में चार चांद लगाएगी। सोनी सब चैनल पर इसका प्रसारण होता है।

मोना को आखिरी बार सीरियल कवच- काली शक्तियों से (2016) में देखा गया था। मोना ने टेलीविजन करियर की शुरुआत सीरियल जस्सी जैसी कोई नहीं से की थी। इसके अलावा उन्हें राधा की बेटियां कुछ कर दिखाएंगी और झलक दिखला जा जैसे शोज में देखा गया है। उन्होंने 3 इडियट्स, ऊट पटांग और जेड प्लस जैसी फिल्मों में काम किया है। वह आमिर खान और करीना कपूर अभिनीत लाल सिंह चड्ढा में नजर आएंगी। मोना ने 2019 में अपनी नई जिंदगी की शुरुआत की थी। उन्होंने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड श्याम राजगोपालन के साथ सात फेरे लिए थे। उनकी शादी की खूब चर्चा हुई थी। उनके पति श्याम एक प्रसिद्ध दक्षिण भारतीय इनवेस्टमेंट बैंकर हैं।

# चेक ब्लेजर में किलर लुक में नजर आ रही हैं तापसी पन्नू

एक्ट्रेस तापसी पन्नू सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. तापसी अपनी आने वाली फिल्म मिट्ठू को लेकर खूब सुर्खियों में हैं. ये भारतीय महिला क्रिकेटर मिताली राज की बायोपिक है. तापसी सोशल मीडिया पर अक्सर अपनी पिक्चर शेयर करती रहती हैं. जिसमें वह अलग-अलग लुक में नजर आती हैं. इस बार वह बोल्ड लुक में दिखाई दे रही हैं. एक ब्लेजर में वह किलर लुक में नजर आ रही हैं.

तापसी अपनी इस लेटेस्ट फोटोज में नीचे बैठी हुई किलर लुक देते हुए नजर आ रही हैं. इन फोटो में उनके पैर में एक टैटू भी नजर आ रहा है. कर्ली हेयर और ब्लेजर में तापसी काफी बोल्ड लुक में नजर आ रही हैं.

तासपी ने इंस्टाग्राम पर अपनी फोटोज शेयर की किया है. इसमें वह गॉर्जियस लग रही हैं. वह चेक ब्लेजर में बोल्ड लुक देते हुए नजर आ रही हैं. कर्ली हेयर में वह किलर लुक में दिखाई दे रही है. तापसी के इस फोटेज को महज दो घंटों में 36 हजार से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं. उनके फैंस इनके इन बोल्ड लुक को देखकर उनके दीवाने हो गए हैं और वो जमकर कमेंट्स कर रहे हैं.

# तानाजी के निर्देशक ओम राउत के साथ काम करेंगे रणवीर

बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह कथित तौर पर तानाजी: द अनसंग वॉरियर के फिल्म निर्माता ओम राउत के साथ एक बड़ी फिल्म के लिए काम करने के लिए तैयार हैं।

एक सूत्र ने कहा, यह पता चला है कि ओम राउत और रणवीर एक रोमांचक बड़े पैमाने पर नाटकीय नाटक के बारे में बात कर रहे हैं जो लोगों के दिमाग को हिला कर रख देगा।

सूत्र ने आगे कहा, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता तन्हाजी देने के बाद ओम राउत बॉलीवुड में सबसे हॉट फिल्म निर्माताओं में से एक है और रणवीर एक बहुरुपी अभिनेता है, जिसने खुद को हमारे देश के सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ अभिनेताओं में से एक के रूप में स्थापित किया है।

रणवीर, जिन्हें आखिरी बार जयेशभाई जोरदार में पर्दे पर देखा गया था, वे रोहित शेट्टी की सर्कस, करण जौहर की रॉकी और रानी की प्रेम कहानी और मनमौजी दक्षिण निर्देशक एस. शंकर अपनी कल्ट क्लासिक अन्नियां के बारे में बता रहे हैं।

# सोनाक्षी अपने भाई कुश के निर्देशन में अभिनय करने के लिए तैयार



अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा अपने भाई कुश एस सिन्हा के निर्देशन में बनी पहली फिल्म निकिता रॉय एंड द बुक ऑफ डार्कनेस में अभिनय करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

सोनाक्षी सिन्हा के साथ इस फिल्म में परेश रावल और सुहैल नैय्यर भी अहम भूमिका में हैं।

निकिता रॉय एंड द बुक ऑफ डार्कनेस का निर्माण एनवीबी फिल्म्स द्वारा किया गया है, जिसके प्रमुख निकी भगनानी, विक्की भगनानी और अंकुर तकरानी, कुश एस सिन्हा की क्रेटोस एंटरटेनमेंट और निकिता पाई फिल्म्स की किंजल घोने हैं।

फिल्म के बारे में बात करते हुए, सोनाक्षी कहती हैं, कुश और मैं सही तरह के प्रोजेक्ट के लिए सहयोग करना चाहते थे। आखिरकार, हमें कुछ ऐसा मिला जो हम दोनों को पसंद आया और इसके लिए उत्साहित थे।

कुश अपनी बहन सोनाक्षी को प्रतिभाशाली अभिनेत्री कहते हैं! मैंने हमेशा उन फिल्मों में काम करने के लिए उनकी प्रशंसा की है जिन पर वह पूरी तरह से विश्वास करती थीं। मैंने उन्हें एक अभिनेता के रूप में और सिनेमा में उनकी यात्रा को देखा है। अब, मैं भी इसका हिस्सा बनने जा रहा हूं। जब मुझे यह स्क्रिप्ट मिली, तो मैंने सोनाक्षी से इसे देखने के लिए कहा। हम दोनों इस विषय के प्रति आकर्षित महसूस कर रहे थे और तभी हमने एक साथ काम करने का फैसला किया।

आगे कुश एस सिन्हा ने कहा, यह क्रेटोस एंटरटेनमेंट में मेरी टीम के लिए निकी भगनानी और विक्की भगनानी के साथ सहयोग करने का एक शानदार अवसर है। वे वर्षों से हमारे दोस्त हैं और यह परियोजना उस रिश्ते का एक स्वाभाविक विस्तार है। यह हम सभी के लिए एक पूर्ण जीत है।

निकिता रॉय एंड द बुक ऑफ डार्कनेस एनवीबी फिल्म्स, क्रेटोस एंटरटेनमेंट और निकिता पाई फिल्म्स द्वारा निर्मित है।

कुश एस सिन्हा द्वारा निर्देशित फिल्म 2023 में रिलीज होने की उम्मीद है।

# कोरियाई शो फ्लावर ऑफ एविल पर आधारित दुरंगा में नजर आएंगे गुलशन देवैया

बॉलीवुड अभिनेता गुलशन देवैया आगामी रोमांटिक थ्रिलर ओटीटी श्रृंखला दुरंगा में अभिनेत्री दृष्टि धामी के साथ अभिनय करने के लिए तैयार हैं।

यह सीरीज फ्लॉवर ऑफ एविल नाम के कोरियाई शो का आधिकारिक रूपांतरण है और इसे प्रदीप सरकार और एजाज खान ने निर्देशित किया है।

श्रृंखला सम्मित (गुलशन देवैया द्वारा अभिनीत) और इरा (द्रष्टि धामी द्वारा अभिनीत) की प्रेम कहानी को आगे बढ़ाती है, जो तीन अलग-अलग समय सीमाओं में सामने आती है।

दुरंगा का निर्माण गोल्डी बहल और श्रद्धा सिंह ने किया है और जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 होगा।

श्रृंखला के बारे में बात करते हुए, रोज ऑडियो विजुअल्स के निर्माता, गोल्डी ने एक बयान में कहा, रोज ऑडियो विजुअल्स में हम हमेशा गुणवत्ता के उत्पादन के लिए प्रतिबद्ध हैं, बॉक्स से बाहर सामग्री जो मनोरंजक भी है। दुरंगा भी ऐसे एक कदम आगे है। यह एक विशेष विषय है क्योंकि यह शादी की अवधारणा की पड़ताल करता है, लेकिन एक अनोखे ट्विस्टेड लेंस के माध्यम से, जिसे आपने पहले कभी नहीं देखा होगा।

9-एपिसोड की श्रृंखला में राजेश खट्टर, दिव्या शेठ, जाकिर हुसैन, बरखा बिष्ट, अभिजीत खांडकेकर और हेरा मिश्रा भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

गोल्डी ने आगे उल्लेख किया, दुरंगा मुख्य रूप से इस विषय से संबंधित है कि आप अपने साथी को कितनी अच्छी तरह जानते हैं और फिर आगे की कहानी की खोज करते हैं।

# करीना कपूर और रिया कपूर ने फिर मिलाया हाथ



अभिनय के मोर्चे पर बॉलीवुड की बेबो गर्ल करीना कपूर का कोई जवाब नहीं है। उनकी फिल्मों को दर्शक खूब पसंद करते हैं। करीना की 2018 में रिलीज हुई फिल्म वीरे दी वेडिंग सुपरहिट साबित हुई थी। इस फिल्म को रिया कपूर ने एकता कपूर, अनिल कपूर, निखिल द्विवेदी और शोभा कपूर के साथ मिलकर प्रोड्यूस किया था। अब सुनने में आ रहा है कि रिया और करीना एक और फिल्म के लिए साथ आ रही हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, रिया और करीना ने एक फिल्म के लिए हाथ मिलाया है। खबरों की मानें तो इस फिल्म का निर्देशन लूटकेस के डायरेक्टर राजेश कृष्णन करेंगे। एक सूत्र ने बताया, अभी तक फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, क्योंकि अभी यह प्लानिंग स्टेज पर है। हालांकि, दोनों ने एक आइडिया पर चर्चा की है और उन्हें यह आइडिया पसंद आया है। दोनों फिर से साथ काम करने के लिए उत्साहित हैं।

सूत्र की मानें तो इस फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। इंडस्ट्री के कुछ नामचीन कलाकारों को इस प्रोजेक्ट में शामिल किया जाएगा। खबरों की मानें तो जल्द इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा होगी।

बॉलीवुड के अधिकांश कलाकार ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अपना डेब्यू कर चुके हैं। अब इस कड़ी में अभिनेत्री करीना का नाम भी जुड़ गया है। वह चर्चित फिल्ममेकर सुजॉय घोष की नेटफ्लिक्स फिल्म के साथ ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अपना पदार्पण करेंगी। सुजॉय की यह नेटफ्लिक्स फिल्म मर्डर मिस्ट्री के ताने-बाने से बुनी होगी। करीना की यह फिल्म जापानी लेखक केगो हिगाशिनो की किताब पर आधारित फिल्म द डिवोशन ऑफ सस्पेक्ट एक्स पर आधारित होगी।

करीना फिल्म लाल सिंह चड्ढा में नजर आएंगी। यह हॉलीवुड फिल्म फॉरेस्ट गम्प की हिंदी रीमेक है, जिसमें करीना के साथ आमिर खान मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म 11 अगस्त को रिलीज होगी। करीना निर्माता करण जौहर की मल्टीस्टारर फिल्म तख्त में भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगी। एकता कपूर के साथ करीना एक फिल्म के प्रोडक्शन का काम संभाल रही हैं। प्रभास के साथ फिल्म स्पिरिट में भी वह नजर आ सकती हैं। रिया कपूर दिग्गज अभिनेता अनिल कपूर की बेटी हैं। वह फिल्म प्रोड्यूसर और फैशन आइकॉन के तौर पर जानी जाती हैं। उन्होंने आयशा और खूबसूरत जैसी फिल्मों का निर्माण किया है। इन फिल्मों में सोनम कपूर नजर आई हैं।

# किसानों की आय बढ़ी

अजय दीक्षित

भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का एक अलग स्थान है क्योंकि देश की 6० प्रतिशत से अधिक आबादी अभी भी गांवों में निवास करती है एवं अपनी आजीविका के लिए मुख्यत: कृषि क्षेत्र पर ही निर्भर है। कोरोना महामारी के दौरान अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्र विपरीत रूप से प्रभावित हुए थे एवं इन सभी आर्थिक क्षेत्रों में ऋणात्मक वृद्धि दर्ज की गई थी। परंतु केवल कृषि क्षेत्र हो इस खंडकाल में भी अच्छी वृद्धि दर हासिल करता रहा और यह अभी भी जारी है। यह कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं है कि भारत सरकार द्वारा लागू की गई आर्थिक नीतियों की बदौलत अब भारत के किसान सम्पन्न हो रहे हैं एवं भारत के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि क्षेत्र का योगदान 14.2 प्रतिशत से बढ़कर 18.8 प्रतिशत हो गया है। अभी हाल ही में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा जारी किए गए एक प्रतिवेदन में यह बताया गया है कि वित्तीय वर्ष 2०17-18 से वित्तीय वर्ष 2०21-22 के बीच भारतीय किसानों की आय औसतन 1.3 से 1.7 गुना बढ़ गई है। इसी प्रतिवेदन के अनुसार, भारत में कृषि उत्पादों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में भी वर्ष 2०14 के बाद से 1.5 से 2.3 गुना तक की वृद्धि दर्ज हुई है। इससे किसान अधिक समर्थन मूल्य वाली फसलों का उत्पादन बढ़ा रहे हैं एवं अपनी आय में तेज गति से वृद्धि करने में सफल हो रहे हैं। इसी प्रकार, भारत से अनाज का निर्यात भी वित्तीय वर्ष 2०21-22 में बढ़कर 5००० करोड़ अमेरिकी डॉलर से भी अधिक हो गया है। भारतीय स्टेट बैंक के साथ ही एक अन्य भारतीय संस्थान इंडियन काउंसिल ऑफ ऐग्रिकल्चरल रिसर्च (आईसीएआर) द्वारा 17 जुलाई 2०22 को जारी किए गए एक प्रतिवेदन में भी यह बताया गया है कि भारत में कृषि के क्षेत्र में तकनीकी विकास एवं केंद्र सरकार द्वारा लागू की जा रही नीतियों के चलते भारत के किसानों की आर्य वर्ष 2०16-17 की तुलना में वर्ष 2०2०-21 में 15० से 2०० प्रतिशत तक बढ़ गई हैं। किसानों की आय में हुई इस आकर्षक वृद्धि दर में बागवानी एवं पशुपालन जैसे क्षेत्रों ने विशेष भूमिका निभाई है। भारत में लगभग 14 करोड़ भूमिधारी किसान हैं इनमें से 85 प्रतिशत से अधिक किसान छोटे किसान की श्रेणी के हैं जिनके पास 2 हेक्टेयर (5 एकड़) से कम भूमि उपलब्ध है। यह हर्षित करने वाला तथ्य उभरकर सामने आया है कि बहुत छोटी जोत वाले किसानों की वास्तविक आय में 2०13 और 2०19 के बीच वार्षिक 1० प्रतिशत की वृद्धि प्रतिवर्ष दर्ज हुई है वहीं अधिक बड़ी जोत वाले किसानों की वास्तविक आय में केवल 2 प्रतिशत की वृद्धि प्रति वर्ष दर्ज हुई है ।

वर्ष 2०14 में केन्द्र में नरेंद्र मोदी की सरकार के आने के बाद से लगातार प्रयास किए जा रहें कि भारतीय किसानों की आय को दुगुना किया जाये। इस संदर्भ में केंद्र सरकार के प्रयास अब फलीभूत होते दिख रहे हैं । जैसे महाराष्ट्र में सोयाबीन एवं कर्नाटक में कपास की खेती करने वाले किसानों की आय उक्त अवधि में दुगुनी से अधिक हो गई है एवं अन्य उपजों की पैदावार लेने वाले किसानों की आय 1.3 से 1.7 गुना बढ़ गई है। सहायक एवं गैर कृषि आधारित कार्य में संलग्न किसानों की आय भी 1.4 से 1.8 गुना बढ़ गई है। नकदी फसल (कपास, सोयाबीन, सरसों, मूंगफली, फल, सब्जी, आदि) लेने वाले किसानों की आय गैर-नकदी फसलें लेने वाले किसानों की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ी है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना भी इस सन्दर्भ में विशेष भूमिका निभाती नजर आ रही है । इस योजना के अन्तर्गत प्रति वर्ष तीन बार लगभग 1० करोड़ किसानों के खातों में रुपये 2००० (पूरे वर्ष में रुपए 6०००) जमा किये जाते हैं। यह योजना वर्ष 2०19 में चालू की गई थी और प्रत्येक वर्ष लगभग 63,००० करोड़ रुपये सीधे ही 1० करोड़ से अधिक किसानों के खातों में जमा किये जा रहे हैं । आज भारतीय किसान न केवल अपने उसे देश के नागरिकों को अन्न उपलब्ध करा रहा है में बल्कि अब तो दुनिया के अन्य देशों की भी सहायता में आगे आ रहा है। जहां पूरी दुनिया में खाद्यान्न का संकट गहराता जा रहा है ।

खाद्यान्न उत्पादन के साथ ही खाद्यान्न सामग्री के निर्यात में भी भारत नित नये रिकॉर्ड बना रहा है । वर्ष 2०21-22 के लिए कृषि उत्पाद का निर्यात 5००० करोड़ अमेरिकी डॉलर पार कर गया है। जो अब तक का सबसे अधिक कषि उत्पाद निर्यात है। रूस-यूक्रेन युद्ध संकट के बीच दुनिया के कई देश खाद्यान्नों के लिए भारत की ओर देख रहे हैं। वहीं 2०2०-21 में 4187 करोड़ अमेरिकी डॉलर के कृषि उत्पादों का निर्यात किया गया था । गेहूं के निर्यात में अप्रत्याशित 273ल की वृद्धि दर्ज हुई है । जहां 2०2०-21 में गेहूं निर्यात 56.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर का था वहीं यह 2०21-22 में चार गुना बढ़कर 211.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया है ।

# दुखों से छुटकारा पाने के लिए भगवान शिव का जलाभिषेक करें:आचार्य



संवाददाता

देहरादून। शिवमहापुराण के अंतिम दिन कथा का सार समझाते हुए आचार्य शिवप्रसाद ममंगाई ने कहा कि अगर दुखों से छुटकारा पाना चाहते हो तो भगवान शिव का जलाभिषेक करें।

आज यहां अजबपुर खुर्द शिवशक्ति मन्दिर में सरस्वती विहार विकास समिति के द्वारा आयोजित शिवपुराण कथा समापन दिवस पर ज्योतिष्पीठ व्यास आचार्य शिवप्रसाद ममगांई नें भक्तों को सम्बोधित करते हुए कि इन्द्राय नम: का जाप करते हुए पात्र पर मौली बाधें, पंचाक्षरी मंत्र नम: शिवाय का जाप करते हुए फूलों की कुछ पंखुडियां अर्पित करें, शिवलिंग पर जल की पतली धार बनाते हुए रुद्राभिषेक करें, अभिषेक करेत हुए तं त्रिलोकीनाथाय स्वाहा मंत्र का जाप करें। शिवलिंग को वस्त्र से अच्छी तरह से पौंछ कर साफ करें। श्रावण में शिव चरित्र श्रवण से मिलती है।

कलियुग में तो शिव को प्रसन्न कर उनका आशीर्वाद पाने के लिए दूध से अभिषेक करें, भगवान शिव के प्रकाशमय स्वरूप का मानसिक ध्यान करें। अभिषेक के लिए तांबे के बर्तन को छोड़कर किसी अन्य धातु के बर्तन का उपयोग करना चाहिए। खासकर तांबे के बरतन में दूध, दही या पंचामृत आदि नहीं डालना चाहिए। इससे ये सब मदिरा समान हो जाते हैं। तांबे के पात्र में जल का तो अभिषेक हो सकता है लेकिन तांबे के साथ दूध का संपर्क उसे विष बना देता है इसलिए तांबे के पात्र में दूध का अभिषेक बिल्कुल वर्जित होता है। क्योंकि तांबे के पात्र में दूध अर्पित या उससे भगवान शंकर को अभिषेक कर उन्हें अनजाने में आप विष अर्पित करते हैं।

पात्र में दूध भर कर पात्र को चारों और से कुमकुम का तिलक करें, श्री कामध ेनवे नम: का जाप करते हुए पात्र पर मौली बाधें, पंचाक्षरी मंत्र नम: शिवाय का जाप करते हुए फूलों की कुछ पंखुडियां अर्पित करें, छ्शिवलिंग पर दूध की पतली धार बनाते हुए-रुद्राभिषेक करें। आज भारी संख्या में लोगो ने कथा श्रवण करि समिति के द्वारा भण्डारे का आयोजन किया गया सुदूर क्षेत्रों से आकर लोगो ने कथा श्रवण व भण्डारे को ग्रहण किया मन्दिर समिति अध्यक्ष पँचम सिंह ने सबका आभार व्यक्त किया।

## सू- दोकू क्र.23

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.22 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# रिपॉस ने एक अनूठे एनर्जी फिनटेक प्लेटफॉर्म को किया लॉन्च

देहरादून (कासं)। रिपॉस को भारत में जन-जन तक विभिन्न तरह की ऊर्जा पहुंचाने के मामले में एक अग्रणी कंपनी के तौर पर देखा जाता है। कंपनी के 2000 से अधिक साझेदार हैं और कंपनी देश के 220 से भी अधिक शहरों में कार्यरत है। फिनटेक के तहत रिपॉस ने रिपॉस पे को लॉन्च कर दिया है जो एक अनूठा एनर्जी




क्रेडिट फिनटेक प्लेटफॉर्म है। इससे ऊर्जा के वितरण के क्षेत्र में एक क्रांति आ जाएगी। उल्लेखनीय है इस टेक टूल को मुम्बई में पिछले महीने लॉन्च किया गया था। इस विशेष मौके पर केंद्रीय मंत्री नारायण राणे ने अपनी विशेष मौजूदगी दर्ज कराई।

रिपॉस ने अपने नवीनतम टेक्नोलॉजी टूल डेटम को हाल ही में देहरादून में लॉन्च किय। लॉन्च के मौके पर ट्रांसपोर्टर, अफसर और बैंकर भी मौजूद थे। गौरतलब है कि रिपॉस आपूर्ति और मांग की खाई को कम करने की दिशा में कार्यरत है और डेटम के माध्यम से डिजल से शुरू करते हुए उपभोक्ताओं के दरवाजे तक ईंधन पहुंचाने के लिए प्रयासरत है।

रिपॉस के को-फाउंडर और चीफ फिनटेक ऑफिसर अपराजित सुब्रह्मण्यम नेघ इस मौके पर कहा, अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी से लैस रिपॉस पे ईंधन खरीदने वाले उपभोक्ताओं की मांग की ही आपूर्ति नहीं करता है, बल्कि ऋण प्रदान करनेवाले बैंकों और फिनटेक कंपनियों के लिए कर्ज प्रबंधन प्लेटफॉर्म के तौर पर भी काम करता है।

रिपॉस के संस्थापक और सीईओ चेतन वालुंज कहते हैं, देहरादून जैसे शहर में रिपॉस पे को लॉन्च करने का मुख्य मकघ्सद छोटे शहरों में बैंकिंग और अन्य वित्तीय संस्थानों की सेवाओं से वंचित लोगों तक अत्याधुनिक वित्तीय उत्पादों को पहुंचाना है।

रिपॉस की संस्थापक और चीफ विजनरी ऑफिसर अदिति भोसले वालुंज कहती हैं, देहरादून में रिपॉस पे से कैशलेस इकोनॉमी के चलन को बढ़ावा मिलेगा और समाज के निचले तबके को टेक्नोलॉजी आधारित वित्तीय व्यवस्था में समाविष्ट करना आसान हो जाएगा।

# 'लूटकेस' के दो साल: रसिका ने पहली बार कॉमेडी रोल को किया याद

'मिजार्पुर 3' और 'दिल्ली क्राइम' सीजन 2 की तैयारी कर रही अभिनेत्री रसिका दुग्गल ने पहली बार कॉमेडी करने की बात कही है क्योंकि उनकी फिल्म 'लूटकेस' ने हिंदी सिनेमा में दो साल पूरे कर लिए हैं। राजेश कृष्णन द्वारा निर्देशित और कुणाल खेमू अभिनीत, 'लूटकेस' ओटीटी पर रिलीज हुई और समीक्षकों और दर्शकों द्वारा समान रूप से सराहना की गई।

फिल्म को याद करते हुए, रसिका कहती हैं, 'लूटकेस' मेरे लिए कई चीजों में पहली साबित हुई। यह ओटीटी पर सीधे स्ट्रीम होने वाली पहली फिल्मों में से एक थी, यह कॉमेडी के साथ मेरा पहली फिल्म थी और इसने मुझे बॉलीवुड में गीत और डांस करने का मौका दिया!

उसने फिल्म को उसके लिए ताजी हवा की सांस के रूप में टैग किया।

जैसा कि मैं कुछ काफी इंटेंस भूमिकाएं करने के बाद इसमें आई, मुझे खुशी है कि हम ऐसे समय में लोगों का मनोरंजन करने में सक्षम हुए जब सब कुछ धूमिल दिखाई दे रहा था।

काम के मोर्चे पर, रसिका अपनी आगामी फिल्मों – 'दिल्ली क्राइम' सीजन 2, 'स्पाइक', अमेजन प्राइम की 'अधूरा' और 'लॉर्ड कर्जन की हवेली' में दिखाई देंगी।

# बड़ागांव में माता सीता मंदिर के निर्माण के लिए धनराशि दी जायेगीः धामी

कार्यालय संवाददाता

जोशीमठ। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को जोशीमठ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बड़ागांव में सीता-माता (सितूण) अखण्ड महायज्ञ कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बडागांव में 42 साल बाद सीता माता का महायज्ञ हो रहा है, हम सौभाग्यशाली हैं कि इसके साक्षी बन रह हैं। उन्होंने कहा कि सब पर भगवान राम एवं माता सीता का आशीर्वाद एवं कृपा बनी रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बडागांव में माता सीता मंदिर के निर्माण के लिए धनराशि दी जायेगी।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है। वैश्विक स्तर पर भारत का मान, सम्मान एवं स्वाभिमान बढ़ा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में नई कार्य संस्कृति आई है। कोविड पर भारत ने प्रभावी नियंत्रण किया। दो स्वदेशी वैक्सीन बनाई और 20 करोड़ से अधिक कोविड डोज अन्य देशों को भी भारत ने दी। जल जीवन मिशन के तहत राज्य में 07 लाख से अधिक परिवारों को पेयजल के कनेक्शन दिये जा चुके हैं। राज्य में गरीबों को साल में 03 सिलेण्डर मुफ्त देने का जो संकल्प लिया गया। इसके लिए इस बार के बजट में व्यवस्था की गई है और इसका शासनादेश भी हो चुका है। बुजुर्गों एवं विधवाओं को दी जाने वाली पेंशन में भी वृद्धि की गई है। किसी परिवार में पति-पत्नी दोनों बुजुर्ग हैं, तो दोनों को पेंशन देने की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री बद्रीनाथ के मास्टर प्लान के लिए 280 करोड़ रूपये की धनराशि जारी की गई है। इस अवसर पर विधायक अनिल नौटियाल, भोपाल राम टम्टा, भाजपा के जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह बिष्ट, जिलाधिकारी चमोली हिमांशु खुराना, एसपी श्रीमती स्वेता चौबे, मेला समिति के अध्यक्ष डॉ. मोहन सिंह रावत, क्षेत्र पंचायत सदस्य श्रीमती लक्ष्मी रावत, ग्राम प्रधान श्रीमती विमला भंडारी एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# 11 क्विंटल फूलों से सजाया गया केदारनाथ मन्दिर



हमारे संवाददाता

देहरादून। अन्नकूट (भतूज मेला) व रक्षाबंधन के लिए केदारनाथ मंदिर को 11 क्विंटल फूलों से सजाया गया है। आज रात को धाम में भतूज मेला मनाया जाएगा। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डा. हरीश चंद्र गौड़ ने बताया कि भतूज मेला (अन्नकूट) को भव्य रूप से मनाने की तैयारी पूरी हो गई है। वहीं विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी में भी 11-गांव रामलीला समिति द्वारा भतूज मेले का आयोजन किया जाएगा।

केदारनाथ मंदिर में अन्नकूट मेला (भतूज) मनाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। रक्षाबंधन से ठीक पहले दिन मेले का आयोजन होता है। मेले में सर्वप्रथम केदारनाथ मंदिर के मुख्य पुजारी भगवान शिव के स्वयंभू लिंग की विशेष पूजा-अर्चना करते हैं। इसके बाद नए अनाजों के लेप लगाकर स्वयंभू लिंग का श्रृंगार करते हैं। सारे भक्त दो बजे रात्रि से सुबह चार बजे तक श्रृंगार किए गए भोले बाबा के स्वयंभू लिंग के दर्शन करते हैं। इसके बाद भगवान को लगाया अनाज के इस लेप को यहां से हटाकर किसी साफ स्थान पर विसर्जित किया जाता है। अगले दिन भगवान की नित्य पूजा-अर्चना की जाती है।

# पति की हत्या में पत्नी सहित तीन गिरफ्तार



हमारे संवाददाता

नैनीताल। दाम्पत्य जीवन में हो रही अनबन को लेकर पत्नी ने ही पति की हत्या करवा दी। जांच के बाद पुलिस ने हत्यारोपित पत्नी सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार बीती 29 मई को चन्दन सिंह गोनिया पुत्र शिवराज सिंह गोनिया निवासी ग्राम गौनियारों की पत्नी यशवन्ती अपने मायके अमजड गई थी। 31 मई को यशवन्ती द्वारा चन्दन को फोन कर अमजड बुलाया तथा उसके बुलाने पर 1 जून को चन्दन के साले दिनेश द्वारा चन्दन को फोन कर डुंगरी बैण्ड मे रुक जाने व उसे खुद गाड़ी लेकर लेने हेतु आने की सूचना दी। जिस पर चन्दन अपने घर गौनियारों से अपने ससुराल पैदल ही अमजड़ आया तथा ग्राम डुंगरी से लापता हो गया। परिजनों द्वारा काफी तलाश करने पर जब वह नहीं मिला तो घटना के कुछ दिनों पश्चात गुमशुदा चन्दन का शव डुंगरी धार के नीचे जंगल से बरामद हुआ। इस पर मृतक चन्दन के भाई सुरेश गोनिया द्वारा घटना के सम्बन्ध में थाना मुक्तेश्वर में हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया।

घटना के सम्बन्ध में प्रारम्भ से ही मृतक चन्दन पक्ष द्वारा मृतक के ससुराल पक्ष पर चन्दन की हत्या किये जाने का शक व्यक्त किया जा रहा था। शक के

## ❑दाम्पत्य जीवन में हो रही अनबन को लेकर करायी थी पति की हत्या

आधार पर पुलिस द्वारा 27 जुलाई को मृतक की पत्नी यशवन्ती, साला दिनेश रावत व मृतक की पत्नी के जीजा नरेन्द्र मेवाड़ी का पॉलीग्राम टेस्ट कराया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी पक्ष के कथन बार-बार बदलते दिखे। पूछताछ में पुलिस को पता चला कि यशवन्ती व चन्दन का विवाह लगभग 3 वर्ष पूर्व हुआ था दोनो में कुछ बातो को लेकर दाम्पत्य जीवन ठीक नहीं चल रहा था और यशवन्ती अपने पति चन्दन से मुक्त होना चाहती थी। इसके लिये यशवन्ती ने दिनेश रावत को अपनी बहन होने का वास्ता देकर कहा कि तुम उसे मार दो नहीं तो मैं मर जाऊंगी। जिस पर दिनेश अपने दोस्त कमल रावत को अपने साथ मिला कर चन्दन की हत्या करने की ठान ली और डुंगरी बैण्ड पहुंच कर चंदन की पत्थरों से कुचल कर हत्या कर दी तथा उसका शव नीचे जंगल में फेंक दिया। पुलिस ने तीनो आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

# 60 लाख की धोखाधड़ी करने वाला नाइजीरियन गिरफ्तार




संवाददाता

देहरादून। एसटीएफ व साईबर क्राईम पुलिस ने लाखों की साईबर ठगी के मामले में दिल्ली से एक नाईजीरियन को गिरफ्तार कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

आज यहां इसकी जानकारी देते हुए स्पेशल टास्क फोर्स के एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि कुमाऊं परिक्षेत्र के साईबर क्राईम पुलिस स्टेशन पर रानीखेत निवासी सुरेश आर्या ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि फेसबुक पर एक आकर्षक विदेशी महिला की प्रोफाईल बनाकर उससे दोस्ती की तथा उसको एक लाख यूएस डालर भेजने की बात कहकर झांसे में लेकर विभिन्न प्रकार के शुल्क जैसे इन्शोरेन्स बॉण्ड, हाईकोर्ट वेरिफिकेशन, आईएमएफ के चार्ज, एनईएफटी/आरटीजीएस चार्ज, कंवाईसी शुल्क, क्लिनिगं शुल्क, कस्टम शुल्क आदि के नाम पर लगभग 60 लाख एक हजार 762 रूपये की धनराशि अलग-अलग खातों में जमा कराकर उससे ठगी की घटना को अंजाम दिया गया। ठगी करने के बाद साईबर अपराधि यों द्वारा फेसबुक आईडी को डिलीट कर दिया गया तथा सभी मोबाईल/वाट्सअप नम्बरों को बन्द कर दिया गया। एसएसपी ने बताया कि पीडित का विश्वास जितने के लिए यह भी बताया गया कि उसको यूके गर्वमेन्ट द्वारा भी 2.2 मिलियन डॉलर दिये जा रहे हैं। एक साईबर ठग द्वारा पीडित को दिल्ली बुलाकर एक होटल में मुलाकात भी की। जिस कारण पीडित को अपने साथ हो रही साईबर ठगी का आभास नहीं हो पाया तथा वह साईबर ठगों के कहे अनुसार धनराशि उनके बताये खातों में जमा कराता रहा। जिसके बाद उसको किसी प्रकार की धनराशि गिफ्ट या उपहार में नहीं मिली तो उसने साईबर क्राईम थाने में शिकायत दर्ज करायी। साईबर क्राईम थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जांच में पुलिस ने मोबाईल नम्बरों, ईमेल आईडी आदि के बारे में मोबाईल कम्पनियों से सम्पर्क किया गया तो पता चला कि यह नम्बर आदि दिल्ली से संचालित हो रहे हैं तथा इसको एक नाईजीरियन द्वारा प्रयोग किया जा रहा है। जिसके बाद एसटीएफ ने एक नाईजीरियन को मौहल्ला हुमायुपुर सफदरजंग के एक फ्लैट से एक नाईजीरियन को गिरफ्तार किया। जिसने अपना नाम ओलवी पुत्र एबूची निवासी गांव ईनीगू सिटी लोगोस नाईजीरिया बताया। पुलिस ने उसके कब्जे से दो पासपोर्ट बरामद किये जो कि एक ही व्यक्ति के थे इसके अतिरिक्त दो लैपटॉप, 8 मोबाइल, सात सिम कार्ड, चार वाईफाई डोंगल, 16 पैन ड्राईव, एक कार्ड रीडर, तीन माईक्रो एमडी, मीमोरी कार्ड व एक ब्लूटूथ डिवाईस बरामद कर ली। पूछताछ में उसने बताया कि वह फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर लोगों को लालच देकर ठगी की घटना को अंजाम देते है तथा दलाल के माध्यम से भारतीय लोगों के खातों का प्रयोग करते हैं। एसटीएफ ने उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।




## एक नजर

# पतंगबाजी हमारी संस्कृति और विरासत का हिस्साः दिल्ली हाईकोर्ट

नई दिल्ली । दिल्ली हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि पतंग उड़ाने पर पूर्ण प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकता है, क्योंकि यह गतिविधि हमारी संस्कृति और विरासत का एक हिस्सा है। हाईकोर्ट ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए चीनी मांझा (सिंथेटिक पतंग धागा) और पतंगबाजी पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग वाली एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद के साथ मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता वाली एक खंडपीठ ने




हालिया आदेश में कहा, याचिकाकर्ता पतंग उड़ाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए प्रार्थना करने की हद तक चले गए हैं.. हालांकि पतंग उड़ाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की उक्त प्रार्थना स्वीकार नहीं की जा सकती, क्योंकि पतंगबाजी हमारी संस्कृति और विरासत का एक हिस्सा है। हालांकि, चीनी मांझा/सिंथेटिक धागे का उपयोग निश्चित रूप से गंभीर चिंता का विषय है। अदालत ने नोट किया कि 10 अगस्त, 2020 को पारित एनजीटी के आदेश में नायलॉन, सिंथेटिक सामग्री या सिंथेटिक पदार्थ के साथ लेपित धागे के निर्माण, बिक्री, भंडारण, खरीद और उपयोग पर रोक लगा दी गई, जो पतंग उड़ाने के लिए गैर-बायोडिग्रेडेबल है। याचिका के अनुसार पतंग के मांझे से दुर्घटना होने पर आरोपी के बारे में पता लगना या उसकी जिम्मेदारी तय करने के लिए उसे पकड़ना कुल मिलाकर असंभव रहता है।

# रेल किराए में बुजुर्गों को फिर से मिलेगी 50 फीसदी छूट!

नई दिल्ली। कोरोना काल में ट्रेन में किराए में बुजुर्गों को मिलने वाले छूट को बंद कर दिया गया था। इस मामले में रेल मंत्रालय से संबद्ध संसदीय समिति ने बुजुर्गों को ट्रेनों में किराए में छूट तत्काल बहाल करने की सिफारिश की है। बताया जा रहा है कि समिति ने कहा है कि कम से कम स्लीपर व थर्ड एसी कोचों में तो इसे तुरंत बहाल किया जाना चाहिए। मिली जानकारी के अनुसार रेल मंत्रालय की स्थाई संसदीय समिति ने इस संबंध में चार अगस्त को ये



सिफारिशें सौंपी हैं। बताया गया कि अपनी रिपोर्ट में समिति ने कहा है कि बुजुर्गों को पहले रेल किराए में 40 से 50 फीसदी तक रियायत दी जाती थी, लेकिन कोविड महामारी के दौरान इसे बंद कर दिया गया।

# व्यायाम के दौरान राजू श्रीवास्तव को पड़ा दिल का दौरा, एम्स में हुए भर्ती

नई दिल्ली। कॉमेडियन और भाजपा नेता राजू श्रीवास्तव बुधवार को जिम में वर्कआउट करने के दौरान अचानक बेहोश होकर गिर गए। इसके बाद उन्हें दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया है। उनके भाई ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि उन्हें हर्ट अटैक आया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक 59 वर्षीय राजू श्रीवास्तव आज सुबह ट्रेडमिल पर दौड़ते समय गिर गए। वह साउथ दिल्ली के एक जिम में



वर्कआउट कर रहे थे। उन्हें एम्स ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। सामने आई जानकारी के मुताबिक उन्हें हल्का हार्ट अटैक आया था और वो होश में हैं। डिस्चार्ज होने से पहले उन्हें कुछ दिनों के लिए निगरानी में रखा जाएगा। अचानक आई राजू श्रीवास्तव की इस खबर ने उनके फैंस को चिंता में डाल दिया है। फैन्स जल्द ठीक होने का इंतजार कर रहे हैं। राजू श्रीवास्तव टेलीविजन का जाना-माना नाम है। वो देश के सबसे सफल और नामी स्टैंड-अप कॉमेडियन में से एक हैं। वो अपनी शानदार कॉमेडी और मिमिक्री के लिए जाने जाते हैं। राजू ने टेलीविजन पर कई शोज में काम किया है जिसमें द कपिल शर्मा शो और द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चौलेंज भी शामिल हैं। राजू हाल ही में इंडियाज लाफ्टर चौंपियन में नजर आए थे।

# उत्तराखण्ड में बम धमाके की धमकी देने वाला गुजरात से गिरफ्तार




हमारे संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड में बम धमाके सहित स्वामी दर्शन भारती को जान से मारने की धमकी देने वाले को पुलिस ने गुजरात से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार उत्तराखण्ड रक्षा अभियान के संस्थापक स्वामी दर्शन भारती द्वारा बीते 16 जून को दून एसएसपी से मुलाकात कर शिकायत दर्ज करायी गयी थी कि उन्हे फेसबुक व फोन के माध्यम से अज्ञात व्यक्ति द्वारा जान से मारने की धमकी, गाली गलौज व धर्म से सम्बन्धित अशोभनीय बातें कही गयी है। साथ ही बताया कि धमकी देने वाला व्यक्ति जो खुद को अफगानिस्तान का तालिब बताता है, ने उत्तराखण्ड में किसी भी बड़े त्यौहार पर बम धमाके करने की बात कही है।

मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। जांच के दौरान पुलिस को आरोपी आसिफ पुत्र अनवर भाई निवासी जुनागढ़ की लोकेशन गुजरात में मिली। जिसे पुलिस ने 7 अगस्त को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। जिसे उसी दिन जुनागढ़ न्यायालय से दो दिन के ट्रांजिट रिमांड पर लेकर बीते रोज देहरादून न्यायालय में पेश कर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पूछताछ में आरोपी आसिफ ने बताया कि स्वामी दर्शन भारती ने किसी मस्जिद के बारे में फेसबुक पर पोस्ट की थी जिस पर गुस्से में आकर उसने उन्हे धमकी दी थी। आरोपित को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में धारा चौकी प्रभारी मिथुन कुमार, कां. अमित कुमार व कां. धीरेन्द्र पत्याल शामिल रहे।

## यूकेएसएसएससी पेपर लीक मामले में हुई 14वीं गिरफ्तारी

देहरादून (सं)। यूके एसएसएससी पेपर लीक मामले में एसटीएफ ने जसपुर से एक अन्य को गिरफ्तार कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। अभी तक इस मामले में यह 14वीं गिरफ्तारी है। उल्लेखनीय है कि एसटीएफ ने यूकेएसएसएससी पेपर लीक मामले की जांच करते हुए न्यायालय कर्मचारियों सहित 13 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इस मामले में जहां एसटीएफ ने प्रिटिंग प्रेस कर्मचारी व आयोग में संवीदा पर काम करने वाले पीआरडी जवान व एक कम्पनी के कर्मचारी सहित 13 लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक करोड से अधिक की धनराशि बरामद कर ली थी। आज एसटीएफ ने पेपर लीक की कडियों को जोडते हुए पुख्ता साक्ष्यों के आधार पर तुषार चौहान को जसपुर से गिरफ्तार कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## हरीश रावत ने तिरंगा लेकर हरिद्वार में निकाली तिरंगा यात्रा

नगर संवाददाता

हरिद्वार। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस द्वारा हरिद्वार में देश जोड़ो तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। यात्रा के दूसरे दिन आज पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत यात्रा में शामिल हुए। जिन्होंने हाथ में तिरंगा लेकर हरकी पैड़ी से शिवमूर्ति चौक तक तिरंगा यात्रा निकाली।

तिरंगा यात्रा के दौरान हरीश रावत ने कहा कि हरकी पैड़ी तो सब के दिल में है। यह तिरंगा यात्रा है, अंग्रेजो भारत छोडो की कल 80वीं वर्षगाठ थी। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस द्वारा देश जोड़ो तिरंगा यात्रा प्रदेश की हर गली और गांव-गांव में निकाली जा रही है। इस दौरान उनके साथ भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लालतप्पड़ पर बस पलटी, चार यात्री गम्भीर घायल

हमारे संवाददाता

देहरादून। दिल्ली से देहरादून आ रही बस आज सुबह बेकाबू होकर डोईवाला के पास लाल तप्पड़ पर पलट गयी। बस के पलटने से बस में बैठे 17 यात्री घायल हो गये, जिसमें से चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सुबह दिल्ली से उत्तराखंड की राजधानी देहरादून आ रही एक बस लगभग 4.30 बजे अचानक बेकाबू होकर सड़क में पलट गई। हादसा डोईवाला क्षेत्र में लाल तप्पड़ स्थित फन वैली के पास हुआ। पुलिस के अनुसार दिल्ली से देहरादून आ रही इस बस में 25 लोग सवार थे। जिसमें कुछ यात्री हरिद्वार में उतर गये थे। उसके बाद चालक और परिचालक सहित 17 यात्री हादसे के समय बस में सवार थे। बताया जा रहा कि चालक को अचानक नींद की झपकी आ गई जिससे बस अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू कार्य शुरू कर दिया। पुलिसकर्मियों ने बस के अंदर जाकर घायलों को बाहर निकाला। इस दुर्घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये थे जिनको एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया है।

वही अन्य घायलों को आपातकालीन वाहन में ही उपचार दे दिया गया। बाकी अन्य यात्रियों पर मामूली चोटें आई हैं। पुलिस ने बताया कि यह बस इंडिया टूर एंड ट्रेवल्स की निजी बस थी जो देहरादून आ रही थी। जिसमें ड्राइवर राजस्थान निवासी विकास कुमार और कंडक्टर हरियाणा निवासी राजेश कुमार हैं।

## फोन पर मारने की धमकी देने के मामले में तीन नामजद

संवाददाता

देहरादून। फोन पर गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हरिपुर कलां निवासी महिला ने रायवाला थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके फोन पर शिवम, अभिनव उर्फ भोलू व नितिन नामक युवक आये दिन फोन कर उसके साथ गाली गलौच करते है जब वह उनका विरोध करती है तो उसको जान से मारने की धमकी देते हैं।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

कानूनी सलाहकारः
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट

कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*